शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन नौवें दिन भी अनवरत जारी

शाहपुरा, (निसं)। जिला बचाओ संघर्ष के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर दूसरे दिन श्री गणेश उत्सव समिति शाहपुरा के सदस्यों ने क्रमिक अनशन धरना दिया। श्री गणेश उत्सव समिति शाहपुरा के सदस्यों एवं संघर्ष समिति के सदस्यों और अधिवक्ताओं ने शाहपुरा जिला को समाप्त करने के विरोध में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और शाहपुरा को वापस जिला बनाने की मांग की।

संघर्ष समिति के संयोजक रामप्रसाद जाट ने बताया कि शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा क्रमिक अनशन धरने पर बैठे श्रीगणेश उत्सव समिति के सदस्य अर्पित कसेरा, जयंत जीनगर, अनिल सोनी, ऋषभ सोनी, अभिषेक सोनी, हर्ष चंदेल, मदनलाल, किशन खटीक, विकास, राजेश, प्रवीण कुमार सहित सदस्यों को माला पहनाकर धरने पर बैठाया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के

जिला समाप्त करने के विरोध में क्रमिक अनशन धरने पर श्री गणेश उत्सव समिति शाहपुरा के सदस्य बैठे ।

रामेश्वर लाल सोलंकी, पूर्व शारीरिक शिक्षक रामस्वरूप खटीक, अविनाश शर्मा, अजय मेहता, सुनील मिश्रा, छोटू खान, हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा पूर्व पार्षद शंकर खटीक, पूर्व सरपंच कालूराम मीणा, राम प्रसाद गुर्जर एवं अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा, सचिव वीरेंद्र सह सचिव कमलेश मुंडेतिया, पुस्तकालय अध्यक्ष दीपक मीणा, वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद सिंह हाडा, त्रिलोकचंद नौलखा, अनिल शर्मा, नमन ओझा, पन्नालाल खारोल, चावंड सिंह, अंकित शर्मा, महेंद्र रायका, ताज मोहम्मद, प्रियेश यदुवंशी, सोहेल खान, पीएलवी अभय गुर्जर मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं का न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी : अभिभाषक संस्था के सहसचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि जिला बचाओ संघर्ष समिति को आमजन का सहयोग लगातार मिल रहा है। शुक्रवार को भी अभिभाषक संस्था शाहपुरा के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी रखा और शाहपुरा को यथावत जिला बनाए की मांग की।

आज विप्र सेना शाहपुरा देगी धरना :-जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने कहा कि 11 जनवरी को क्रमिक अनशन धरने पर विप्र सेना शाहपुरा के सदस्य बैठकर धरना देंगे। वहीं अभिभाषण संस्था के सहसचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि जिला बचाओ संघर्ष समिति को शाहपुरा को जिला बनाए रखने के लिए लगातार विभिन्न सामाजिक संगठनों का समर्थन मिल रहा है। शुक्रवार को श्री दिगंबर जैन जागृति महिला मण्डल शाहपुरा की महिलाओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा और संयोजक रामप्रसाद जाट को समर्थन पत्र देकर शाहपुरा को वापस जिला बनाए रखना

- **अभिभाषक संस्था शाहपुरा के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी रखा**
- **श्री दिगंबर जैन जागृति महिला मंडल शाहपुरा की महिलाओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन दिया**

के लिए हर संभव आंदोलन में बराबर भाग लेकर मदद करने की बात कही। महिला मंडल में रेखा जैन, माना देवी जैन पनगाड़िया, निकिता जैन, मधु जैन, कोमल पाटनी, मंजू जैन, अनीता जैन, सुनीता जैन, अलका, कल्पना जैन आदि ने नारेबाजी व प्रदर्शन कर शाहपुरा जिला समाप्त करने का विरोध किया।

सरवाड़ डिग्गी कल्याण की पैदल यात्रा आज : सरवाड़ श्री डिग्गी कल्याण महाराज की 30 वी पदयात्रा आज शनिवार को प्रातः 7:30 बजे मथुराधीश मंदिर परिसर से रवाना होगी इस पैदल यात्रा में श्रद्धालु डिग्गी कल्याण के जयकारों के साथ पदयात्रा रवाना होगी जो प्रथम दिन उनियारा में रात्रि विश्राम करेगी और 12 जनवरी को मालपुरा से होते हुए रात्रि विश्राम रहेगा और 13 को श्री डिग्गी कल्याण मंदिर पहुंचेंगे।

बड़े कुल के साथ ख्वाजा साहब का उर्स संपन्न

अजमेर, (कासं)। अजमेर में चल रहे ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें सालाना उर्स का समापन शुक्रवार को बड़े कुल की रस्म और जुमे की नमाज के साथ हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में जायरीन नमाज पढ़ी और देश व दुनिया में अमन-चैन की दुआ मांगी।

उर्स के मौके पर बड़े कुल की रस्म में शुक्रवार सुबह 8:30 बजे खादिम समुदाय ने अदा की, खादिमों ने मजार शरीफ पर गुलाब जल और केवड़े से गुस्ल दिया और इत्र और चंदन का गिलाफ पेश किया। इस दौरान जायरीन आस्ताना के बाहर दरगाह के विभिन्न स्थानों की केवड़े, पानी और गुलाब जल से धुलाई शुरू कर दी। गुस्ल का पानी व संदल जायरीन को तबर्रुक के रूप में बांटा गया। रस्म के दौरान करीब एक घंटे आस्ताना शरीफ आम जायरीन के लिए बंद रहा। दोपहर को उर्स के मौके पर जुमे की नमाज के लिए जायरीन का सैलाब उमड़ा। नमाज में आस्था का जुनून देखने को मिला। दरगाह के आस-पास के इलाकों में हर तरफ नमाजी नजर आए।

जुमे की नमाज में उमड़े अकीदतमंद:-जुमे की नमाज अदा करने के लिए शुक्रवार सुबह जल्दी ही नमाजी दरगाह पहुंचना शुरू हो गए। अधिकांश जायरीन में दरगाह शरीफ में नमाज अदा करने की ख्वाहिश थी, लेकिन नमाज से पूर्व ही दरगाह परिसर नमाजियों से भर गया। शाहजहांनी मस्जिद, अहाता ए नूर, अरकाट का दालान, हमीद अली का दालान, सेहन चिराग, बाबा फरीद का चिल्ला, अकबरी मस्जिद के सामने का दालान, खादिमों के हुजरों, महफिल खाना, बुलंद दरवाजा और सभी सेहन में नमाजियों की सफें लगीं। इसके अलावा दरगाह बाजार, नला बाजार, लंगरखाना गली, फूल गली, धानमंडी, देहली गेट तक नमाजियों की कतार पहुंच गई। शहर काजी तौसीफ अहमद सिद्दीकी ने नमाज अदा कराई। कायड़ विश्राम स्थली पर भी बड़ी संख्या में नमाजियों ने जुमे की नमाज अदा की। बड़े कुल और जुमे की नमाज के लिए यूपी, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात के अलावा अजमेर के दौराई, तबीजी, खानपुरा सहित अन्य इलाकों से सैकड़ों जायरीन पहुंचे। जायरीन ने ख्वाजा साहब के मजार शरीफ पर मखमली चादर और गुलाब के फूल पेश किए।

दीवान और कमेटी ने अदा किया शुक्रिया:- दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन सहित दरगाह कमेटी ने 813 वें उर्स को लेकर जिला प्रशासन सहित सभी सामाजिक संस्थाओं और स्वयंसेवकों व दानदाताओं का शुक्रिया अदा किया।

पूर्व मंत्री लाखन घनघोरिया ने की जियारत:- मध्य प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक लखन घनघोरिया ने शुक्रवार को अजमेर दरगाह शरीफ में अपने साथयों के साथ जियारत की और देश में अमन और शांति के लिए बड़ी अक़ीदात के साथ चादर पेश कर अमन चैन के लिए दुआ मांगी। घनघोरिया को अंजुमन यादगार के संयुक्त सचिव शेखजादा इमरान चिश्ती ने जियारत कराई और तबर्रुक भेंट किया। इस मौके पर उनके साथ में मतीन अंसारी,मुख्तारअली अस्सू भाई, फारूक, शाहिद अंसारी, अफसार, रिहाब, शहबाज, फारान, जहूर आदि उपस्थित रहे।

केजीएन ग्रुप ने की शुक्राने की चादर पेश:-ख्वाजा साहब के उर्स के संपन्न होने पर शुक्रवार को सूरत के केजीएन ग्रुप के सदस्यों ने मजार पर शुक्राने की चादर पेश की। अशफाक शेख ने बताया कि हर साल उर्स के समापन पर चादर चढ़ाने की परंपरा है। शुक्रवार को नाला बाजार से चादर का जुलूस निकाला गया। जुलूस का नाला बाजार व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश चौरसिया के नेतृत्व में व्यापारियों ने जगह जगह स्वागत किया। वहीं आशिकाने सेवा समिति की ओर से दरगाह बाजार में फूल मालाओं से सदस्यों का स्वागत किया। दरगाह के खादिम मसूद चिश्ती ने सभी को जियारत कराई और तबर्रुक भेंट कर अमन चैन भाईचारे के लिए दुआ मांगी। इस मौके पर सलमान खान, बशीर मंडप आदि मौजूद रहे।

- **जुमे की नमाज में उमड़े अकीदतमंद**
- **देश-दुनिया में अमन-चैन के लिए मांगी दुआ**

मालासेरी डूंगरी से भगवान देवनारायण की रथयात्रा महाकुंभ प्रयागराज के लिए रवाना

आसीन्द, (निसं)। भगवान देवनारायण की जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी से शुक्रवार सुबह भगवान देवनारायण की रथयात्रा महाकुंभ प्रयागराज के लिए सैकड़ों की संख्या में पुजारियों देव भक्तों के साथ रवाना हुई । मालासेरी डूंगरी पुजारी हेमराज पोसवाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह से ही भगवान देवनारायण की जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी पर महाकुंभ प्रयागराज की यात्रा से पूर्व अनुष्ठान हुए तथा महाआरती के पश्चात भगवान देवनारायण की रथयात्रा प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना हुई । मालासेरी डूंगरी पर मालासेरी गांव से सैकड़ो की संख्या में महिलाएं , पुरुष सहित देव भक्त पहुंचकर रथयात्रा का स्वागत किया । मालासेरी डूंगरी से रवाना होने के बाद रथयात्रा माताजी का खेड़ा , बंक्यारानी शक्तिपीठ , आमेसर होते हुए बरसनी चारभुजा नाथ बस स्टैंड पहुंची जहां सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष देव भक्तों ने रथ यात्रा पर पुष्प वर्षा की तथा भगवान देवनारायण के बाल स्वरूप मूर्ति पर फूलों की माला पहनाई । इस दौरान महिलाएं पुरुषों ने भगवान देवनारायण के व माता साडू के जयकारे लगाए। पुजारी हेमराज पोसवाल ने भगवान चारभुजा नाथ के दर्शन के बाद रथ यात्रा हाजियास होते हुए रूपाहेली भट्टा पहुंची , भगवान देवनारायण की रथयात्रा का जगह जगह देव भक्तों ने स्वागत किया । भगवान देवनारायण के रथ यात्रा के स्वागत के दौरान बरसनी चारभुजा बस स्टैंड पर सरपंच दिनेश कुमार तोषनीवाल, महादेव गुर्जर, धर्मीचंद गुर्जर, रामसुख शर्मा, बालमुकुंद तोषनीवाल, देवकरण गुर्जर, धर्मीचंद निटड़, मुकेश प्रजापत, राजकुमार शर्मा, बंसीलाल रेगर , पोखर गुर्जर, महावीर वैष्णव, अजित कोठारी, चुन्नीलाल, रमेश कुम्हार , जगदीश , रोहित खटीक, रामेश्वर लाल खटीक, अभिषेक, आकाश, घेवर, महावीर दरोगा, रामस्वरूप नराणीवाल, अनिल शर्मा, विजय सेन, ओमप्रकाश टेलर, रामप्रसाद त्रिपाठी, सत्यनारायण मेवाड़ा, सौदान गुर्जर , राधेश्याम काल्या, कैलाश सोनी, किशन वैष्णव, सोहन लाल आचार्य , हरजी गुर्जर व नोरत मेघवंशी सहित कई महिलाएं युवक युवतियां मौजूद रहे ।बरसनी में रथ यात्रा के स्वागत के पश्चात रुपाहेली भट्टा चौराहा के लिए रवाना होगी जो अरवड़, शाहपुरा रोड, जहाजपुर, शकरगढ़ बसोली , जयपुर, बूंदी बाईपास कोटा शहर से होते हुए किशनगढ़ वास सीताबाड़ी में रात्रि विश्राम होगा । जगह जगह भक्तजनों द्वारा भगवान श्री देवनारायण की बाल स्वरूप मूर्ति का फूल पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लेगे । सीताबाड़ी से वापस सुबह 9.15 बेज रवाना होते हुए मध्यप्रदेश के शिवपुरी, करेरा , उत्तर प्रदेश, झांसी, उरई, आगरा लखनऊ एक्सप्रेस से बांदा, चित्रकूट से प्रयागराज पहुंचेगी वहां पर रविवार शाम को भगवान श्री देवनारायण जन्मभूमि मालासेरी डूंगरी के लिए अखाड़े के लिए मिली भूमि पर पहुंचेगी । भगवान श्री देवनारायण की बाल स्वरूप मूर्ति भक्तगण के द्वारा मिली जमीन पर बना दरबार में विराजित होंगे।

- **रथयात्रा का जगह जगह हुआ जोरदार स्वागत**

अब घर के पास ही उपलब्ध होगा मुफ्त उपचार : देवनानी

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि आने वाले दिनों में अजमेर चिकित्सा के क्षेत्र में राजस्थान के बड़े शहरों की सूची में शामिल हो जाएगा। जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में विभिन्न रोगों की सुपर स्पेशलिटी सेवाएं उपलब्ध होगी।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर आमजन को उनके घर के आसपास ही सामान्य बीमारियों का उपचार उपलब्ध करवाएंगे। यहां शुगर और बीपी जैसी बीमारियों की दवाईयां भी उपलब्ध होगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को अजमेर उत्तर क्षेत्र के आंतेड में आयुष्मान आरोग्य मन्दिर का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम अजमेर उत्तर के प्रत्येक निवासी को उसके घर के आस-पास चिकित्सा सुविधा देने की दिशा में काम कर रहे हैं। संभाग के सबसे बडे जवाहर लाल नेहरू अस्पताल से लेकर आयुष्मान आरोग्य मन्दिर तक क्षेत्र का प्रत्येक निवासी मेडिकल सुविधा की कवरेज में होगा। आरोग्य मन्दिर मौहल्लों में सामान्य बीमारियों के मरीजों के लिए वरदान सिद्ध होंगे। उन्हें घर के पास ही मेडिकल सुविधा उपलब्ध होगी।यहां सामान्य बीमारियों के साथ ही डायबिटीज व ब्लड प्रेशर सहित अन्य बीमारियों का भी उपचार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा सुविधा के क्षेत्र में अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की है। संभाग के सबसे बडे जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में शीघ्र ही सुपर स्पेशलिटी सेवाएं भी उपलब्ध होगी। इसके लिए बजट में घोषणा की गई है और स्थान भी चिन्हित कर लिया गया है।

सनातन परिवार की बैठक में आज महोत्सव का निर्णय

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर राम मंदिर में सनातन परिवार की बैठक आयोजित की गई।

सनातन परिवार के कैलाश लठ्ठा ने बताया कि 11 जनवरी को मंदिर के आसपास सभी पावरलूम फैक्ट्रियां प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी। टोली प्रमुख महेंद्र टाक व सूर्यप्रकाश शर्मा के अनुसार सूर्योदय सेशहनाई वादन के साथ रामलला प्रतिष्ठा द्वादशी का आगाज होगा। मंदिर में भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। वानप्रस्थ टोली प्रमुख रामचंद्र रिणवा, मातादीन पंवार व सुधीर लखोटिया ने बताया की प्रातः 10.15 बजे राधा सर्वेश्वर मंदिर से महिलाएं तुलसी कलश लेकर मंगल गान करते हुए राम मंदिर पहुंचेगी।

नेमीचंद जोशी, राकेश काकड़ा व सहसकरण हेडा ने बताया कि प्रतिष्ठा द्वादशी के उपलक्ष में भगवान को पोष बड़े का भोग लगाकर भक्तों को वितरित किया जाएगा। डी सी अग्रवाल, प्रकाश राठी, राजेंद्र कर्णावट व दिनेश सैन ने बताया कि महाआरती में 21 दानदाता मुख्य यजमान होंगे। गोपाल यादव व ज्ञानचंद लोहार ने बताया कि शाम को 6:15 बजे मुख्य चौराहे पर विशेष आतिशबाजी का आयोजन होगा। सनातन परिवार ने आ ान किया की संध्या के समय अपने घर के बाहर 11 दीपक अवश्य जलाएं और 11 जनवरी से 22 जनवरी तक नगर के प्रत्येक मंदिर में रामलला प्रतिष्ठा महोत्सव वर्षगांठ मनाए।

कोहरे के कारण दो ट्रकों में टक्कर, एक घायल

भीलवाड़ा, (निसं)। एक बार फिर से कोहरे के कारण कोठारी नदी के पास यूनिक होटल के सामने सुबह चार बजे आगे चल रहे ट्रक से पीछे से ट्रक की टक्कर हो गई, जिसमें ट्रक चालक विनय सिंह पुत्र सुखपाल सिंह गंभीर रुप से घायल हो गया।

मांडल चौकी पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। साथ ही 108 भी पहुंच गई। एंबुलेंस पायलट प्रभु प्रजापत एवं मेल नर्स रवि वर्मा ने घायल को महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय भीलवाड़ा पहुंचाया, जहां पर घायल का उपचार शुरू किया गया है। घटना स्थल पर वाहनों का लंबा जाम लग लगा, जिनसे कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने खुलवाते हुए मार्ग को सुचारू करवाया। जानकारी के अनुसार इसी मार्ग पर कोठारी पुलिया के निकट ही गत दिनों कोहरे की चपेट ने आने से एक के बाद एक करीब एक दर्जन वाहनों की भिड़ंत हो गई थी।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन अथॉरिटी राजस्थान सरकार के आदेश अनुसार ईसी आइडेंटिफिकेशन नंबर EC24C0108RJ5343777N द्वारा मैसर्स गंगा मार्बल माइन्स, R/O मोरेड़, तहसील परवतसर, जिला- डीडवाना - कुचामन (पुराना नागौर) (पुराना जिला नागौर) को क्यूएल नंबर 226 / 1995, कोला डूंगरी रेंज, तहसील मकराना, जिला डीडवाना - कुचामन (पुराना जिला - नागौर), क्षेत्रफल 2.25 हैक्टेयर, वास्ते खनिज मार्बल Proposal No. SIA/RJ/MIN/485734/2024 दिनांक 4/7/2024 के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति 04/01/2025 को प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय पर जन साधारण के लिए उपलब्ध है।

अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर
आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मुन्नी पत्नी रामदेव रोल्या राजस्व ग्राम थोक मालियान के खसरा नंबर 5845 में अवस्थित भूखण्ड संख्या 19 का क्षेत्रफल 215.50 वर्गगज के भूखण्ड के लीजडीड जारी करने हेतु आवेदन प्रक्रियाधीन है। उक्त आवेदन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस आवेदित भूखण्ड के संबंध में आपत्ति हो, तो आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति जोन कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा नियमानुसार लीजडीड की कार्यवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त दक्षिण)
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/116337
DATE :- 7.01.2025 रजि. वसीयत-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25 /10517
दिनांक 10/01/2025

सार्वजनिक सूचना

श्री कन्हैयालाल सोनी पुत्र श्री बालमुकुन्द सोनी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 4 भामीयान गली नं. 04 मकान नं. 4/214 नया नम्बर 05 का भाग क्षेत्रफल 123.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री बालमुकुन्द पुत्र श्री गुलाब चन्द व श्रीमती सरजू देवी पत्नी श्री बालमुकुन्द सोनी के नाम दर्ज है। रजि वसीयत-नामा दिनांक 04.08.2006, मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 01.05.2008 व 13.01.2023, व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/116328
DATE :- 7.01.2025 रजि. वेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25 /10521
दिनांक 10/01/2025

सार्वजनिक सूचना

श्री घनश्याम लाल पुत्र श्री भाणलाल व श्रीमती ज्ञानदेवी पत्नी श्री घनश्यामलाल निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 2 डिग्गी मौहल्ला गली नं. 1 म्यु नं. 6/298 मकान नं. 05 का भाग क्षेत्रफल 36.43 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री भंवर लाल पुत्र श्री जवरी लाल के नाम दर्ज है। रजि वेचान-नामा दिनांक 05.10.1995 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है ।

अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी ।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

No. EL/50/13/2024-25 Dt. 09.01.2025

उप. मुख्य बिजली इंजी. (कारखाना), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की और से निचे दिए गए कार्य के लिए दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई – निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. निविदा संख्या : EL/50/13/2024-25 2. कार्य का नाम व स्थान : Repair, Servicing and overhauling of Greaves Cotton make Diesel Alternator Set 500kVA, 750V in Power Cars during POH at carriage workshop Ajmer 3. अनुमानित लागत : Rs. 46398383.68 4 बयाना राशि : Rs. 382000.00 5. ई – निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 18.01.2025 at 11.00 Hrs. एवं ई – निविदा खोलने की तारीख एवं समय : 18.01.2025 at 11.30 Hrs. 6. वेबसाइट का ब्यौरा, जहां से ई – निविदा कि पूर्ण जानकारी प्राप्त कि जा सकती है: www.ireps.gov.in

42-CR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती वीना माथुर पत्नि श्री ईश्वर दयाल माथुर की ग्राम चौरसियावास, तहसील व जिला अजमेर के खसरा नम्बर 1469 (साबिक) 1458 (हाल) में क्षेत्रफल 369.00 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त भूखण्ड को अपंजीकृत बेचाननामा द्वारा खातेदार जफरू पुत्र श्री चन्दा द्वारा उक्त भूखण्ड श्रीमती सरोज माथुर पत्नि श्री के. एल. माथुर को विक्रय किया गया था उसके पश्चात् श्रीमती सरोज माथुर ने नोटेरीशुदा इकरारनामे श्रीमती वीना माथुर को विक्रय किया है। उक्त भूखण्ड के नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर
लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उमेश कुमार पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार की ग्राम लोहागल, तहसील व जिला अजमेर के खसरा नम्बर 1014 (साबिक) 970, 972, 973, 956/1501 (हाल) में भूखण्ड संख्या 1 - ए क्षेत्रफल 177.14 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त भूखण्ड के नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है । अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर)
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर
लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उमेश कुमार पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार की ग्राम लोहागल, तहसील व जिला अजमेर के खसरा नम्बर 1014 (साबिक) 970, 972, 973, 956/1501 (हाल) में भूखण्ड संख्या 11 - ए क्षेत्रफल 172.93 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त भूखण्ड के नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर)
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/113925
DATE :- 26.12.2024 रजि वेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25 /10524
दिनांक 10/01/2025

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती सरिता सोनी पत्नी श्री प्रकाश सोनी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 5 मधुकर नगर गणेशपुरा नया नगर खसरा नं. 1844 प्लाट नं. 06 क्षेत्रफल 324.16 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री गोविन्द पुत्र श्री गुलजारीलाल के नाम दर्ज है। रजि वेचान-नामा दिनांक 22.01.2009, 28.12.2017, 01.01.2018, 12.04.2018 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/115871
DATE :- 3.01.2025 सजरा प्रमाण पत्र

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25 /10519
दिनांक 10/01/2025

सार्वजनिक सूचना

श्री मुकट बिहारी पुत्र श्री जिवन राम सेन व अन्य निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 2 सूरजपोल कोट गली म्यु नं. 2 / 470 मकान नं. 04 क्षेत्रफल 66.14 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती भंवरी देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश सेन व अन्य के नाम दर्ज है। सजरा प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 27.01.2024, व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर
मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप
आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की (क्रमश) (1) राजस्व ग्राम माकडवाली योजना के आवसीय / भूखण्ड सख्या A - 62 खसरा न 495 क्षेत्रफल 138.89 वर्गगज एवंम (2) महाराणा प्रताप नगर योजना के आवासीय भूखण्ड सं. B-164 क्षेत्रफल 175.50 वर्ग मीटर के आवंटी / अन्तरिति मितेश मिश्रा पुत्र स्व. शिव मोहन मिश्रा निवासी रामगंज अजमेर की मृत्यु दिनांक 4/11/2024 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश (1) श्रीमती श्वेता मिश्रा पत्नि स्व. मि तेश मिश्रा (2) सुश्री माधवी मिश्रा पुत्री स्व. मितेश मिश्रा निवासी रामगंज अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती भारती लोढ़ा पत्नि श्री महेन्द्र लोढ़ा की ग्राम लोहागल, तहसील व जिला अजमेर के खसरा नम्बर 1020 (साबिक) 948 (हाल) में भूखण्ड संख्या 05 क्षेत्रफल 333.33 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त भूखण्ड को पंजीकृत विक्रयपत्र द्वारा खातेदार श्री गिरवर सिंह पुत्र श्री मांगू सिंह द्वारा श्री शिवांशु गुप्ता पुत्र श्री अनिल गुप्ता को विक्रय किया गया था उसके पश्चात् श्री शिवांशु गुप्ता द्वारा नोटेरीशुदा मुख्तयारनामा आम श्री सुरेन्द्र लोढ़ा पुत्र श्री सोहनलाल लोढ़ा के पक्ष में निष्पादित किया गया है। मु.आम श्री सुरेन्द्र लोढ़ा ने पंजीकृत विक्रयपत्र द्वारा उक्त भूखण्ड श्री उम्मेदमल जैन पुत्र स्व. श्री पन्नालाल सिंघवी को विक्रय किया गया है। उसके पश्चात् उक्त भूखण्ड को श्री उम्मेदमल जैन द्वारा नोटेरीशुदा वसीयतनामा द्वारा श्रीमती भारती जैन को वसीयत किया गया है। उक्त भूखण्ड के नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी। (उपायुक्त दक्षिण) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।

कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, मकराना
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय खनि अभियंता, मकराना क्षेत्राधिकार में क्वारी लाईसेंस 239 क्षेत्रफल 180×200 वर्गफिट वास्ते खनिज मार्बल निकट ग्राम रेंज पहाड़कुआ, मकराना में (1) मोहम्मद अनवर (2) फैयाज अहमद प